पत्र संख्याः 85 /2022/ 426/चार-2022

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग,
छत्तर मंजिल परिसर,लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग **लखनऊ,दिनांकः 27 मार्च 2022**

विषयः- 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त अनुदान से उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग में कराये गये कार्यों की जांच के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-जी-1158/प्रथम-159 जांच(28)/21, दिनांक-22 मार्च, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें।

2- शासनादेश संख्या-43/2022/254/चार-2022 दिनांक 24 फरवरी, 2022 द्वारा डा0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को 13 वें वित्त आयोग के अंतर्गत उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग में कराये गये कार्यों की जांच पूर्ण करवाने हेतु यात्रा भत्ता इत्यादि के भुगतान कराये जाने हेतु रू0 2.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 13 वें वित्त आयोग के अंतर्गत उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग में कराये गये कार्यों की जांच करवाने हेतु नामित डा0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ उ0प्र0 शासन के अंतर्गत विशेषज्ञ तकनीकी विश्वविद्यालय है। धनराशि का अग्रिम आहरण कर, डा0 एपीजे प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार बिल/बाउचर से धनराशि का समायोजन करने तथा शीध्र जांच पूर्ण कराने का कष्ट करें ।

भवदीय
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

संख्या 85 /2022/426(1)/चार-2022,तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. प्रधानाचार्य एवं अधिष्ठाता, डा0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ .
3. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4. सहायक लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग, लखनऊ ।
5. वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन ।
6. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in